# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक—जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8328 / 2024

दिनांकः 19 जून, 2025

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः—अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांकः 21 जून, 2025) पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु ''एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा'' कार्यक्रम प्रातः 08:00 बजे से कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्याः ई—4299 / 32—जी0एस0 / 2025, दिनांकः 18 जून, 2025 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांकः 21 जून, 2025) पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु ''एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा'' कार्यक्रम प्रातः 08:00 बजे से कराये जाने** के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में **दिनांकः 21 जून, 2025** को मा0 प्रधानमन्त्री जी के उदबोधन का लाइव टेलीकास्ट, मानक योग प्रोटोकॉल एवं मा0 राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया के सन्देश, जो आडियो / वीडियो में होगा, के प्रसारण में प्रतिभाग के पश्चात **प्रातः 08:00 बजे से 08:10 बजे तक ''एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा'' कार्यक्रम** आयोजित करते हुए अपने—अपने महाविद्यालय के शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारी / विद्यार्थी और समाज के अन्य लोगों के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग सुनिश्चित करें तथा **''एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा'' कार्यक्रम से सम्बन्धित जियो टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो अधोलिखित लिंक के माध्यम से दिनांकः 23 जून, 2025 तक अनिवार्यरूपेण विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें:—**

गूगल फार्म का लिंक— https://forms.gle/r7dEgw3u9WGZNswH7

भवदीय,

(एस०एल० पाल)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—**

01. माननीय कुलपति जी।
02. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं कालेज लागिन पर अपलोड करने हेतु।
04. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः—शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला—बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः—277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
# लखनऊ–226027

पत्रांकःई– 4299 / 32–जी0एस0 / 2025
दिनांकः 18 जून, 2025

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम प्रातः 08:00 बजे से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

माननीया कुलाधिपति महोदया जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 05.05.2025 एवं इस सचिवालय के पत्र संख्याःई–3458 / 32–जी.एस. / 2025, दिनांक 27.05.2025 तथा पत्र संख्याःई–4101 / 32–जी.एस. / 2025, दिनांक 11.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा एवं निर्देश के अनुपालन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21.06.2025) के अवसर पर राजभवन सहित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम आयोजित करते हुए विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाना है।

3. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि **"सूर्य नमस्कार योग मुद्रा"** कार्यक्रम **प्रातः 08:00 बजे से 08:10 बजे तक** आयोजित कराया जायेगा। कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, महाविद्यालयों से प्राप्त आख्या साफ्ट कापी में पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से दिनांक 24 जून, 2025 तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**( डॉ. पंकज एल. जानी )**
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी